Affiliated To : Federation of Jharkhand Chamber of Commerce & Industries, Ranchi
Regtn. No. (SRA - 1860) : 708/2009-10 (Govt. of Jharkhand)

संताल परगना चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज, देवघर
SANTAL PARGANA CHAMBER OF COMMERCE & INDUSTRIES, DEOGHAR

spccideoghar.2021@gmail.com | www.spccideoghar.in

PRESIDENT
ALOK KR. MALLICK
9934503132 | 8409386865

GENERAL SECRETARY
PRAMOD CHHAWCHHARIA
8709873483 | 9431132221

पत्रांक : SPCCI-12/2021 दिनांक : 20.01.2022

सेवा में,

माननीय मुख्यमंत्री
–सह– नगर विकास मंत्री
झारखण्ड, रांची।

विषय : देवघर नगर निगम से संबंधित नवीनतम विकास एवं सौन्दर्यीकरण कार्यों के संबंध में।
द्वारा : नगर आयुक्त, देवघर।

महोदय,

संताल परगना चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज, देवघर की ओर से अभिवादन!

देवघर झारखण्ड का सबसे उदीयमान और विश्व स्तर पर धार्मिक तीर्थस्थल के रूप में अपनी पहचान बना चुकी है। अब तो यहां एम्स और एयरपोर्ट भी आ गए हैं, प्लास्टिक पार्क, एसटीपीआई प्रगति पर है, यहां की जनसंख्या भी बढ़ी है और शहर का विस्तार भी तेजी से फैल रहा है। ऐसे में विकास की संभावनाओं से परिपूर्ण और तेजी से विकसीत हो रहे देवघर शहर को विशेष तौर पर तथा सुनियोजित योजना बनाकर सुसज्जित किया जाना चाहिए। चेम्बर की ओर से देवघर के समुचित विकास के मद्देनजर कुछ नवीनतम योजनाओं पर प्रकाश डाला जा रहा है। अनुरोध है कि इन योजनाओं के क्रियान्वयन पर आवश्यक पहल किया जाय।

1. देवघर में एक समर्पित ट्रान्सपोर्ट नगर की स्थापना किया जाय। निर्माणाधीन अंतरराज्यीय बसअड्डा के समीप उपलब्ध जमीन पर रांची के तर्ज पर ही गुड्स वेहिकल पार्किंग, वेयरहाउस एवं लॉजिस्टिक्स, ऑफिस कॉम्पलेक्स एवं रैन बसेरा से युक्त ट्रान्सपोर्ट नगर बसाया जाय।

2. पुराना मीना बाजार एवं सब्जी बाजार को मल्टीस्टोरी वेण्डर मार्केट के रूप में पुनर्विकसीत किया जाय। इसके अंतर्गत पुराना मीना बाजार को नये सिरे से विकसीत कर कम से कम तीन तल्ले का ओपेन वेन्डर मार्केटिंग जोन और बेसमेन्ट में पार्किंग बनाया जाय। इन तीनों तल्ले में वहां के सभी दुकानदारों, सब्जी एवं फल बाजार, मीट–मछली दुकान एवं फुटपाथ दुकानदारों को जगह आवंटित किया जाय। इसके बन जाने से मुख्य बाजार और मंदिर के इर्द–गिर्द के सभी फुटपाथ वेन्डर एक जगह समाहित हो जाएंगे और बाजार व्यवस्थित होने के साथ–साथ इसकी रौनक भी बढ़ जाएगी।

3. देवघर में एक भी स्तरीय चौक–चौराहा उपलब्ध नहीं है। अतः आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में कम से कम पहले चरण में टावर चौक स्थित गांधी जी के मूर्ति को केन्द्रित कर तथा वी.आई.पी चौक पर स्थित वीर कुंवर सिंह की मूर्ति एवं शहीदों को केन्द्रित कर शहरी विकास से संबंधित प्रोफेशनल प्लानर से बेहतर योजना बनवाकर भव्य रूप से पुनर्निर्माण एवं सौन्दर्यीकरण किया जाय तथा वहां वन वे राउंड ट्रेफिक बनाया जाय।

4. निगम क्षेत्र के महत्वपूर्ण खाली प्लॉटों जैसे शिवलोक, क्लब ग्राउंड, टाउन हॉल, पुराना सरकारी बस डीपो आदि को पीपीपी मोड पर विकसीत करने का प्रयास किया जाय। इन स्थानों पर बाजार कॉम्पलेक्स, मल्टी स्टोरी पार्किंग तथा बड़े होटलों का प्रोजेक्ट लाया जा सकता है।

VICE PRESIDENT
UMESH RAJPAL
9431781598 | 7250784754

VICE PRESIDENT
SANJAY MALVIYA
9431134670 | 9576616022

VICE PRESIDENT
PIYUSH JAISWAL
9431163649 | 7717726102

JOINT SECRETARY
ANAND SAH
8521594569

TREASURER
DEEPAK SARAIYAN
9386651205

Correspondence Add. : Swarn Computer Press, Hanuman Tikri, Front of Jalsar Park, Deoghar - 814112 (Jharkhand)

5. देवघर में आये दिन अनेक मेला और उत्सव मनाया जाता है, लेकिन आज तक यहां इसके लिए मेला ग्राउंड के रूप में कोई सुसज्जित और विकसीत स्थान चिन्हित नहीं हैं। अतः नये निगम कार्यालय के निकट के खाली स्थानों अथवा क्लब ग्राउंड में एक अस्थायी सुसज्जित सुविधायुक्त मेला ग्राउंड विकसीत किया जाय।

6. स्थानीय आर्टिसन उत्पादों, हेण्डीक्राफ्ट, फुड एवं क्राफ्ट के प्रोमोशन तथा वोकल फॉर लोकल को मजबूती प्रदान करने के लिए शहरी क्षेत्र में एक स्थायी बाजार संरचना 'अरबन हाट' का निर्माण किया जाय। देवघर धार्मिक और पर्यटन स्थल होने के कारण सालोंभर तीर्थयात्रियों और सैलानियों से भरा रहता है, ऐसे में देवघर में 'अरबन हाट' विकसीत करने पर स्थानीय लघु, कुटीर एवं गृह उद्योग को बड़ा और व्यवस्थित बाजार उपलब्ध होगा।

सादर,

आलोक कुमार मल्लिक	प्रमोद छावछरिया
अध्यक्ष	महासचिव

प्रतिलिपि : माननीय सचिव, नगर विकास एवं आवास, झारखण्ड, रांची।
माननीय विकास आयुक्त, झारखण्ड, रांची।
माननीय मुख्य सचिव, झारखण्ड, रांची।